आकाशवाणी केन्द्र शिमला
18.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रधानमंत्री–संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढे आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। महिला आरक्षण से जुडे संविधान संशोधन विधेयक गिर जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री यह संबोधन कर रहे हैं। विपक्षी दलों द्वारा समर्थन नहीं मिलने के कारण महिला आरक्षण विधेयक दो तिहाई बहुमत पाने में असफल रहा। इस कारण लोकसभा में इसे पारित नहीं करवाया जा सका। परिसीमन के माध्यम से महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने से जुड़ा प्रस्तावित कानून लंबी बहस के बाद पारित नहीं हो सका।

सिकंदर कुमार

इस बीच राज्य सभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि मोदी सरकार द्वारा लाए गए ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक 2026 को विपक्ष के नाकारात्मक रवैये के कारण अपेक्षित समर्थन नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश की आधी आबादी को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध दिखी जबकि विपक्ष ने साबित कर दिया कि उनके लिए राजनीति महिला सम्मान से बढ़कर है। सिकंदर कुमार ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने तकनीकी और प्रक्रियागत खामियों का बहाना बनाकर एक क्रांतिकारी बदलाव को रोक दिया है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने की मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इससे 50 लाख से अधिक केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और 68 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–चरण तीन को मार्च 2028 तक जारी रखने की भी मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि योजना का संशोधित परिव्यय 83 हजार 9 सौ 77 करोड़ रुपये होगा।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार उद्योग व उद्यमियों को आगे बढ़ाने का भरसक प्रयास कर रहीं है। सोलन में आज उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार कई योजनाओं के माध्यम से उद्यमियों को बढाने का प्रयास कर रही है। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि सरकार एक जिला तीन उत्पाद के तहत कारीगरों को प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर बनायेगी। इसके तहत हर जिला के तीन उत्पादों को अंतराष्ट्रीय मेलो में पहचान दिलाई जायेगी ताकि स्वयं सहायता समूहों सहित सभी हस्तशिल्पी कारीगर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि उद्योगो का मतलब बड़ें उद्योग स्थापित करना हीं नहीं है बल्कि छोटे कारीगरों को बड़ा मंच प्रदान करना भी है। ––बाईट–हर्षवर्धन चौहान–35''––

राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आज नगारिक चिकित्सालय घुमारवीं में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अत्याधुनिक मशीनरी व उपकरणों का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने नए वातानुकूलित एम्बुलेंस वाहन को भी हरी झंडी दिखाई। राजेश धर्माणी ने कहा कि इन नई सुविधाओं के जुड़ने से घुमारवीं अस्पताल में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

आवास योजना

राज्य सरकार महिलाओं के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठा रही है। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विधवा, एकल, निराश्रित व दिव्यांग महिला आवास योजना के तहत महिलाओं को आवास निर्माण के लिए आर्थिक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। सिरमौर ज़िला के नाहन तहसील की सतीवाला पंचायत की परमिता को घर बनाने के लिए सरकार द्वारा 3 लाख रुपये की सहायता दी गई है। उन्होंने इसके लिए सरकार का आभार जताया है।

____